हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 27 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

14 7 ब्लॉक के 380 परीक्षा केंद्रों पर 10,702 निरक्षर देंगे परीक्षा



13 सहकारी सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के शिक्षको का मौन विरोध



## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन से युवक की मौत, चालक फरार

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में संगम ढाबा के पास एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपित वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस वाहन चालक की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

### वृद्धा से मारपीट करने वाला आरोपित काबू, भेजा जेल

**सोनीपत।** मुरथल थाना पुलिस ने वृद्ध महिला के साथ मारपीट करने के मामले में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित जोगेंद्र उर्फ टोलू निवासी गांव मेहंदीपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार 19 सितंबर को जिले की एक वृद्ध महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि पारिवारिक विवाद के कारण वह अपने जेठ के बेटे सुरेंद्र के घर रह रही थी।

### ट्रेन में सफर के समय यात्री का बैग चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** दिल्ली-अंबाला रेलमार्ग पर अमृतसर एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री का बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पानीपत जीआरपी पुलिस को शिकायत दी। घटना स्थल सोनीपत क्षेत्र का होने के चलते जीरो एफआईआर सोनीपत भेजी गई। राजकीय रेलवे पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गोली मार्केट पानीपत निवासी संदीप कुमार ने राजकीय रेलवे पुलिस पानीपत को शिकायत देकर बताया कि वह भोपाल से अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन में पानीपत आ रहा था। जब गाड़ी सोनीपत पहुंची तो उसका बैग गायब मिला।

### युवा सम्मान समारोह में 200 मेधावी होंगे सम्मानित

**गन्नौर।** देवा सोशल डेवलपमेंट सोसायटी द्वारा 27 सितंबर को गन्नौर की बीएसटी कालोनी स्थित आरपीएस स्कूल ग्राउंड में छठा और सातवां युवा सम्मान समारोह एक साथ आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में वर्ष 2023-24 और 2024-25 सत्र में 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सरकारी और निजी स्कूलों के करीब 200 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से युवक की मौत

पार्क निदान अस्पताल की दादागिरी

# बिल का भुगतान न होने पर शव को ही बनाया बंधक

*अस्पताल प्रशासन ने शव देने के लिए परिवार से 60 हजार रुपये का बकाया भुगतान करने की शर्त रखी, देर शाम को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया*

- बहालगढ़ थाना पुलिस की बेबसी आई सामने, पुलिस ने रोडवेज बस चालक के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार रोडवेज विभाग की बस ने श्रमिक को चपेट में ले लिया। राहगीरों ने घायल को मुरथल रोड स्थित पार्क निदान अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिली है कि इलाज के दौरान मृतक का शव परिवार के सामने बंधक बना दिया गया। अस्पताल प्रशासन ने शव देने के लिए परिवार से 60 हजार रुपये का बकाया भुगतान करने की शर्त रखी। सूचना के बाद बहालगढ़ थाना पुलिस भी पहुंची, लेकिन प्रबंधन की तरफ से बिल का भुगतान करने बाद ही शव को देने की बात कही। देर शाम को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम होगा। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल प्रबंधन पर कार्यवाही करनी चाहिए।

- दिन भर मृतक के परिजन अस्पताल में करते रहे शव लेने का इंतजार



**सोनीपत।** अस्पताल में हंगामा करते हुए मृतक के परिजन व मृतक का फाइल फोटो।

### हरियाणा रोडवेज बस ने चपेट में आने से हुई मौत

बिहार निवासी जयराम ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता है। उसके साथ मृतक जयसिंह (35) बिहार के दरभंगा का रहने वाला था। रोजी-रोटी के लिए वह सोनीपत आया था। नेशनल हाईवे-44 पर बहालगढ़ के पास हरियाणा रोडवेज बस ने चपेट में ले लिया। टक्कर लगने के बाद गंभीर रूप से घायल हुए जयसिंह को पार्क निदान अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिवार ने बताया कि सुबह से अस्पताल में शव के लिए इंतजार कर रहा था, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने शव देने से इंकार कर दिया। अस्पताल के कर्मचारी और अधिकारी आपस में जिम्मेदारी टालते रहे और किसी ने भी परिवार को उचित जानकारी नहीं दी। अस्पताल प्रबंधन ने मृतक के मृत्यु प्रमाण पत्र और बकाया भुगतान को शव सौंपने की शर्त बना दिया। इस व्यवहार से परिवार को गहरा आघात लगा और उन्हें मजबूरी में अस्पताल के सामने घंटों इंतजार करना पड़ा। बेबस परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्होंने बहालगढ़ थाना पुलिस से मदद मांगी, लेकिन पुलिस भी तत्काल कार्रवाई करने में नाकाम रही। हालांकि, पुलिस ने मृतक के हादसे के सिलसिले में हरियाणा रोडवेज बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने कहा कि क्या अस्पताल केवल आर्थिक लाभ के लिए मानवता को दरकिनार कर सकते है। मृतक के परिजन न्याय की उम्मीद में लगातार अस्पताल और पुलिस प्रशासन के पास गए, लेकिन उन्हें संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। जिसके बाद परिवार के सदस्यों ने अस्पताल परिसर में हंगामा करना शुरू कर दिया।

### युवक ने अस्पताल में दम तोड़ा

निजी अस्पताल में हंगामे की सूचना मिली थी। बस की चपेट में आकर घायल हुए युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया था। शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में रखवाया है। देर शाम होने के चलते पोस्टमार्टम नहीं हो सका। बस चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द आरोपित की तलाश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
**-सुभाष, जांच अधिकारी।**

नमी के कारण कुछ मंडियों में खरीद रुकी

# जिले की मंडियों में पीआर धान की आवक शुरू



सोनीपत। मंडी परिसर में आई फसल को धूप में सुखाते हुए श्रमिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत, गोहाना और खरखौदा की अनाज मंडियों में पीआर धान की आवक शुरू हो चुकी है, लेकिन नमी अधिक होने के कारण सरकारी खरीद कुछ मंडियों में अब तक नहीं हो पाई है। खरखौदा मंडी में शुक्रवार को सीजन में पहली बार धान की आवक हुई।

गोहाना मंडी में हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड (हैफेड) ने लगातार दूसरे दिन 17.7 मीट्रिक टन पीआर धान खरीदा। एक दिन पहले गोहाना मंडी में 13 एमटी धान खरीदा गया था। वहीं, दो दिन में गोहाना मंडी में 9.5 एमटी बाजरा भी आ चुका है, लेकिन नमी ज्यादा होने से सरकारी खरीद शुरू नहीं हो पाई।

### मंडियों में धान की आवक इस प्रकार

मंडियों में कुल 218 मीट्रिक टन धान की आवक हो चुकी है। इसमें गोहाना मंडी में 136.8 एमटी, कासंडी खरीद केंद्र में 58.5 एमटी और खरखौदा व सोनीपत अनाज मंडी में 11.50 - 11.50 एमटी धान आ चुका है। सोनीपत अनाज मंडी में लगातार पांच दिन से पीआर धान की आवक हो रही है।
मंडी में धान को सुखाने के लिए सब्जी मंडी में फैलाया जा रहा है, लेकिन ई-खरीद पोर्टल पर केवल 11 एमटी धान ऑनलाइन दर्ज है।
किसानों का कहना है कि हैफेड अधिकारी जानबूझकर नमी ज्यादा बता कर खरीद नहीं कर रहे हैं।
किसान वीरेंद्र ने आरोप लगाया कि बारदाने की कमी के कारण धान की खरीद रोकी जा रही है, जिससे मंडी से धान चोरी होने की आशंका भी है।

### न्यायालय के आदेश पर 526 बोतल अवैध शराब नष्ट

**सोनीपत।** सहायक पुलिस आयुक्त सिटी राजदीप मोर और ड्यूटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में शुक्रवार को न्यायालय के आदेशानुसार विभिन्न मामलों में जब्त की गई अवैध शराब को नष्ट किया गया। जानकारी देते हुए एसीपी राजदीप मोर ने बताया कि पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान जब्त शराब को मालखाने में सुरक्षित रखा गया था। न्यायालय में मुकदमों के निस्तारण के बाद इन शराब की बोतलों को नष्ट करने के निर्देश प्राप्त हुए थे। न्यायालय द्वारा पांच मुकदमों का निस्तारण किया गया। इसके तहत 125 बोतल अंग्रेजी शराब, 390 बोतल देशी शराब और 11 बोतल बियर को थाना सेक्टर-27 क्षेत्र में नष्ट किया गया। इस दौरान औषधि नियंत्रक संदीप हुड्डा, एक्साइज इंस्पेक्टर संदीप मलिक और थाना प्रबंधक निरीक्षक सवित कुमार भी मौजूद रहे। एसीपी मोर ने कहा कि पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गांव पिनाना के अड्डे पर 2015 में हुई थी वारदात

## दोहरा हत्याकांड: नौ आरोपी दोषी, सात को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार मान की अदालत ने गांव पिनाना के अड्डे पर हुए दोहरे हत्याकांड में नौ आरोपितो को दोषी करार दिया है। अदालत ने हत्या के सात दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई, जबकि शस्त्र अधिनियम में दो अन्य दोषियों को अलग-अलग सजा दी गई। सुनवाई के दौरान दो आरोपियों की मौत हो चुकी थी। पवन मलिक और उनके चचेरे भाई विक्की की हत्या 14 नवंबर 2015 को हुई थी। विक्की उस समय फरीदाबाद जेल से पैरोल पर आया था। मामले के अनुसार, विक्की को गांव भैंसवाल कलां के रंजीता से 30-35 हजार रुपये लेने थे। पैसे लेने गए पवन और विक्की को रंजीता और उसके साथियों ने गोलियों से भून दिया।

- चचेरे भाइयों को गोलियों से भून कर उतारा था मौत के घाट



### प्रत्येक पर 1.05 लाख रुपये जुर्माना लगाया

मोहाना थाना पुलिस ने मामले में गांव भैंसवाल कलां निवासी रंजीता, प्रवीन उर्फ कच्छी, पंकज उर्फ पिंकू, पवन उर्फ पौना, बीधल निवासी तरुण, निजामपुर निवासी सुरेंद्र उर्फ सुंदरा, लाडौत निवासी दिनेश उर्फ नेशा, पानीपत निवासी शमशेर, गोपालपुर निवासी अभिलाष और सिटावली निवासी प्रमोद को गिरफ्तार किया था। जांच और सुनवाई के दौरान अभिलाष उर्फ कैरा और सुरेंद्र उर्फ सुंदरा की मौत हो गई थी। अदालत ने अब नौ आरोपियों को दोषी ठहराया। रंजीता, प्रवीन, पंकज, पवन, तरुण, दिनेश और शमशेर को हत्या की धारा में दोषी करार देते हुए उम्रकैद और प्रत्येक पर 1.05 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया। वहीं, धर्मेंद्र को अवैध शस्त्र अधिनियम में पाँच साल कैद और 10 हजार रुपये जुर्माना तथा प्रमोद को शस्त्र अधिनियम में छह माह कैद और 2 हजार रुपये जुर्माना सुनाई गई। मामले में हत्या की वजह पैसों का लेन-देन बताया गया है। अदालत के फैसले से पीड़ित परिवार को न्याय की उम्मीद मिली है।

### त्योहारों से पहले पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**सोनीपत।** त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा करते हुए केजीपी टोल प्लाजा जाखौली पर की गई नाकाबंदी के दौरान एक टाटा सफारी गाड़ी से अवैध बम-पटाखों का बड़ा जखीरा पकड़ा है। मौके से गाड़ी चालक और परिचालक को गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद पटाखों और गाड़ी को नियमानुसार कार्रवाई के लिए थाना राई पुलिस को सौंप दिया गया है। थाना राई प्रभारी उपनिरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि रात्री गश्त के दौरान उन्हें सूचना मिली कि केजीपी टोल प्लाजा पर यातायात पुलिस ने बम-पटाखों से भरी गाड़ी को रोका हुआ है। सूचना पर वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। यातायात पुलिस नाका इंचार्ज एएसआई संजीव कुमार ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ केजीपी टोल प्लाजा पर इंटर स्टेट नाकाबंदी के तहत ड्यूटी कर रहे थे और खरखौदा की तरफ से आने वाले वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।

- केजीपी टोल प्लाजा से अवैध बम-पटाखों का जखीरा बरामद

## डेंगू का प्रकोप बढ़ा, छह नए केस आए





**सोनीपत।** कूलर में लारवा की जांच करते हुए व नाली में दवा डालते हुए कर्मचारी।

- डेंगू ग्रस्त मरीजों की संख्या कुल-62 हुई, वहीं मलेरिया का एक केस नया सामने आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में डेंगू का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को मिली रिपोर्ट में छह नए डेंगू बुखार से ग्रस्त मरीजों की पुष्टि हुई है। वहीं एक मरीज मलेरिया का सामने आया है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से लोगों को जागरूक करने व घर-घर जाकर लारवा की जांच की जा रही है। विभाग की तरफ से जागरूक टीमों को गठन किया है। जो संदिग्ध क्षेत्र में जाकर लोगों को जागरूक करने व लापरवाही बरतने वालों को नोटिस जारी कर रही है।

### जिले में 42 डेंगू के मरीज मिल चुके

जिला नोडल अधिकारी डा. आशा सहरावत ने बताया कि अब तक जिले में 42 डेंगू के मरीज सामने आ चुके है। मलेरिया के 15 केस भी दर्ज किए गए है। बढ़ते मामलों को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। डा. सहरावत ने बताया कि टीमें घर-घर जाकर मच्छरों के पनपने वाले स्थानों की जांच कर रही हैं और लोगों को सफाई बनाए रखने की सलाह दे रही है। संदिग्ध के ठिकानों पर फॉगिंग की कार्रवाई भी की जा रही है ताकि लारवा को नष्ट किया जा सके। उन्होंने कहा कि अगर किसी घर में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित लोगों को नोटिस जारी किए जा रहे है। साथ ही, टीम द्वारा ब्लड स्लाइड तैयार की जा रही है, जिससे मरीजों में डेंगू और मलेरिया की जांच समय पर की जा सके। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि घरों के आसपास पानी न जमा होने दें, कूलर और टैंकों की नियमित सफाई करें और किसी भी तरह के लक्षण दिखने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं। विभाग की तरफ से नागरिक अस्पताल में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। जिस पर लोग जाकर जानकारी ले सकते है।

## फर्जी आरटीओ लिंक के जरिए साइबर ठगों ने युवक से 1.80 लाख रुपये ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- साइबर क्राइम थाना सोनीपत पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत किया मुकदमा दर्ज

जिले में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। साइबर अपराधियों ने फर्जी आरटीओ चालान लिंक के जरिए एक युवक के बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड से 1.80 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। साइबर थाना सेक्टर-23 सोनीपत पुलिस ने पीड़ित के बयान पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव किशोरा निवासी राहुल आंतिल ने शिकायत में बताया कि 20 सितंबर को उसकी पत्नी के मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से आरटीओ चालान का लिंक भेजा गया था। 22 सितंबर को राहुल ने वह लिंक अपने मोबाइल नंबर पर भेजा और उसे चेक किया। इसी दौरान रात करीब 11:25 बजे उसका फोन हैक हो गया। राहुल के अनुसार, फोन हैक होते ही साइबर ठगों ने उसके यश बैंक के क्रेडिट कार्ड और बैंक अकाउंट से 22 सितंबर से 23 सितंबर के बीच कई ट्रांजैक्शन कर कुल 1,80,000 रुपये निकाल लिए।

### ऐसे हुई ठगी

ठगों ने 22 सितंबर को क्रेडिट कार्ड से 40,000 रुपये ट्रांसफर किए गए, उसी दिन बैंक खाते से 75,000 रुपये और 55,000 रुपये दो अलग-अलग ट्रांजैक्शन में ट्रांसफर किए गए। 23 सितंबर को 10,000 रुपये ऑनलाइन शॉपिंग के जरिए खर्च किए गए। राहुल ने बताया कि यह रकम फर्जी वेबसाइट और नकली दस्तावेजों के आधार पर खोले गए खातों में ट्रांसफर की गई। घटना का पता चलते ही उसने तुरंत साइबर हेल्पलाइन पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई। उसके बाद साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी। शिकायत की जांच के बाद थाना साइबर क्राइम सोनीपत में धारा 318(4), 336(3), 338, 340, 61 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि साइबर ठगों की पहचान के लिए बैंक खातों, ट्रांजेक्शन आईडी और मोबाइल डिटेल्स की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर ठगी की रकम बरामद करने का प्रयास किया जाएगा।

### संदिग्ध हालत में फंदे से लटका मिला महिला का शव

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव पवसरा में संदिग्ध हालत में महिला का शव फंदे से लटका हुआ मिला। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाकर जरूरी नमूने एकत्रित कर शव को नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार कुशक नंबर-1 शादीपुर दिल्ली निवासी राहुल ने बताया कि उसकी बहन ही शादी वर्ष 2009 में पवसरा निवासी राजेश के साथ हुई थी। उन्हें सूचना मिली कि उसकी बहन ने फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। सूचना के बाद वह परिवार सहित मौके पर पहुंचे। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

- एक दिन पहले पति-पत्नी की आपस में हुई थी कहासुनी

एचटी लाइन से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने का मामला

# नई मुआवजा पॉलिसी के तहत मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एचटी लाइन के खंभों से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने को लेकर भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा और सोनीपत प्रशासन के बीच लंबे समय से चल रहे गतिरोध में अहम प्रगति हुई है। शनिवार को डीसी ऑफिस सोनीपत में संगठन के प्रतिनिधियों की एसडीएम खरखौदा और एसडीएम सोनीपत के साथ करीब चार घंटे तक विस्तृत वार्ता हुई। चर्चा के बाद यह तय हुआ कि आगामी 30 सितम्बर को मार्केट रेट कमेटी का गठन कर किसानों को नई मुआवजा पॉलिसी के तहत लाभ देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब ने बताया कि 2023 से एचटी लाइन से प्रभावित किसान संघर्षरत हैं। जुलाई 2025 में सरकार ने ऐतिहासिक मुआवजा पॉलिसी लागू की थी, जिसके तहत झज्जर जिले में किसानों का मुआवजा तय भी हो गया है। लेकिन सोनीपत के 17 गांवों के किसानों को पावर ग्रिड के ईडी आलोक शर्मा की आपत्तियों के चलते अब तक लाभ नहीं मिल पाया। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी लगातार जिला प्रशासन पर दबाव डालकर मार्केट रेट कमेटी के गठन में बाधा डाल रहे हैं।

- 30 सितम्बर से शुरू की जाएगी प्रक्रिया



**जब तक हर किसान को उचित मुआवजा नहीं मिलेगा आंदोलन जारी रहेगा: दहिया**

लोहचब ने कहा कि मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने 20 सितम्बर को आश्वासन दिया था कि सोनीपत के किसानों को वास्तविक बाजार मूल्य पर मुआवजा दिया जाएगा। इसी भरोसे पर एसकेएम खरखौदा ने किसानों को शांत किया और टकराव की स्थिति सामान्य हुई। दहिया 24 खाप के प्रधान उमेश दहिया ने पावर ग्रिड प्रबंधन को चेताया कि सोनीपत का किसान किसी भी संघर्ष के लिए तैयार है। जब तक 17 गांवों के हर किसान को उचित मुआवजा नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में कवित सरपंच, संदीप सरपंच, मोनू बदवसानी, वीरेंद्र सरपंच, कृष्ण, जसवंत, प्रदीप नंबरदार, रामसिंह सरपंच, जसवीर, महेंद्र, रणवीर, पारस लोहचब समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



कुछ प्रजातियां, जैसे न्यूज़ीलैंड के कुछ पक्षी और कीवी पक्षी, अंधे होते हैं और गंध के सहारे शिकार करते हैं।



पपुआ न्यू गिनी का हुडेड पिटोहुई दुनिया का एकमात्र जहरीला पक्षी है।



# एमबीए करने के बाद बना सकते हैं अच्छा करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

आप भी एमबीए करने के बारे में सोच रहे हैं और आपको नहीं पता कि एमबीए करने के फायदे क्या होते हैं और एमबीए करने से क्या होता है तो यह जानकारी आपके लिए महत्वपूर्ण होने वाली है। बहुत सारे विद्यार्थियों को बिजनेस में रुचि होती है। जो विद्यार्थी बिजनेस में इंटरेस्ट रखते हैं वह अपना खुद का व्यापार करना चाहते हैं। ऐसे में उनका गोल सेट होता है कि उन्हें एमबीए करना है। एक बेहतर माइंडसेट वाले स्टूडेंट को एमबीए करने के लाभ जरूर मिलते हैं। अगर आप भी बिजनेस में रुचि रखते हैं तो किसी भी अच्छे संस्थान से एमबीए कर सकते हैं।

## सरकारी कॉलेज से एमबीए

हम आपको कुछ ऐसे कॉलेजों के बारे में बता रहे हैं जहां से आप आसानी से यह डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। हमारे इस आर्टिकल से आपको काफी सहायता मिलेगी। विभिन्न कालेज तथा उनके फीस के बारे में आपको थोड़ा अंदाजा हो जाएगा। जिसके अनुसार आप किसी भी कॉलेज में एडमिशन ले पाएंगे जो आपके पसंद के मुताबिक होगा। आमतौर पर अगर आप प्राइवेट कॉलेज की बजाय सरकारी कॉलेज से एमबीए करते हैं तो फीस बहुत कम होती है। जैसे अगर हम दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स की बात करें तो इसकी 2 साल की एमबीए की फीस 30392 रुपये है।

### ये है बेस्ट प्लेसमेंट कॉलेज

ऐसे में अगर आप गरीब परिवार से भी संबंधित है तो भी आसानी से एमबीए की डिग्री कर सकते हैं। हालांकि एडमिशन लेने के लिए आपको एंट्रेंस टेस्ट पास करना होता है। हर कॉलेज की तरफ से प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है तथा प्रवेश परीक्षा को पास करने वाले विद्यार्थियों को ही कॉलेज में दाखिला दिया जाता है। सरकारी कालेजों मे एमबीए की फीस 30,392 से लेकर 400,000 लाख प्रतिवर्ष हो सकती है वही प्राइवेट कॉलेजों मे एमबीए के फीस 300,000 लाख से लेकर 1,300,000 रुपए तक हो सकती है। आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम बंगलोर, आईआईएम कलकत्ता, एफएमएस दिल्ली, आईआईएम इंदौर, आईआईएम लखनऊ, यूबीएस चंडीगढ़ बेस्ट प्लेसमेंट देते हैं।

## एमबीए करने के फायदे

अब अगर हम इस बारे में बात करें कि एमबीए करने के फायदे क्या मिलते हैं तो एक अच्छे करियर ऑप्शन के साथ-साथ इसमें आपको बढ़िया सैलरी पैकेज में मिलता है। इन दिनों युवाओं में एमबीए को लेकर काफी क्रेज है। हर कोई इसे अपने करियर ऑप्शन के रूप में सेलेक्ट कर रहा है। एमबीए ऐसी डिग्री है जिसकी दुनिया के करीबन प्रत्येक यूनिवर्सिटी में है। आईआईएम से एमबीए कोर्स करने के लिए कैट यानी कॉमन एडमिशन टेस्ट की परीक्षा पास करनी होती है। इसके अतिरिक्त जैट और मैट एग्जाम पास करके भी विभिन्न मैनेजमेंट कॉलेजों में एडमिशन लिया जा सकता है। इसके अलावा कई यूनिवर्सिटी और मैनेजमेंट कॉलेज ऐसे भी हैं जो अपना एंट्रेंस एग्जाम स्वयं आयोजित करते हैं।

### अच्छा सैलरी पैकेज मिलता

एमबीए की डिग्री प्राप्त करने के बाद करियर के कई विकल्प खुल जाते हैं इसके साथ में हाई सैलरी पैकेज वाली जॉब भी मिलती है। एमबीए करके आप किसी भी कंपनी के सीईओ तक की पोस्ट तक पहुंच सकते है। सीईओ की पोस्ट हाई पेड़िंग जॉब है। आईआईएम से एमबीए करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट एक करोड़ तक की सैलरी पैकेज पर हो जाता है।

### स्किल में वृद्धि होती

एमबीए करने के बाद आपकी स्किल्स में वृद्धि होती है। आपके अंदर किसी भी काम को करने के लिए नई-नई स्किल आती है। ऐसे मैं आपके अंदर आइडिया आते हैं कि आप किसी काम को कितने तरीकों से कर सकते हैं। आप स्मार्ट तरीके से सोचने लगते हैं। इससे आप मार्केटिंग स्ट्रेटजी तेजी से तैयार कर सकते हैं। जो कि जॉब या अपने बिजनेस, दोनों में काफी काम आती है।

## खुद का स्टार्टअप शुरू कर सकते

एमबीए करने के बाद स्टूडेंट्स जॉब करने की अपेक्षा अपने स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं। इस कोर्स के बाद आपको मैनेजमेंट की समझ हो जाती है। ऐस में आप अपने स्टार्टअप को सफल बना सकते हैं। यही कारण है कि कई मैनेजमेंट ग्रेजुएट पढ़ाई पूरी करके अपना बिजनेस शुरू कर लेते है।

### कम्युनिकेशन स्किल में इजाफा

एमबीए कोर्स के दौरान स्टूडेंट्स की पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट पर काफी ध्यान दिया जाता है। इन सबमे कम्युनिकेशन स्किल काफी जरूरी है। अच्छी कम्युनिकेशन स्किल की जरूरत हर फील्ड में होती है। ऐसे में एमबीए कर लेने पर किसी भी फील्ड में फायदा होगा।

### प्रोफेशनल नेटवर्क बना सकते

एमबीए करने के बाद विद्यार्थी लाखों पूर्व छात्रों के वैश्विक नेटवर्क का भाग बन जाते हैं. जिससे आपके नेटवर्क में बढ़ोतरी होती है। इस नेटवर्क में आपकी फील्ड के अतिरिक्त अन्य प्रोफेशनल लोग भी शामिल होते हैं। जिनसे नेटवर्किंग करके अपने करियर को अपेक्षाकृत आसानी से आगे बढ़ाया जा सकता है। इस प्रकार आप के अंदर एक अलग ही आत्मविश्वास होता है।

### जॉब के अवसर बढ़ जाते

एमबीए करने के बाद अभ्यर्थियों के जॉब के अवसर बढ़ जाते हैं। क्योंकि आज के दौर में बहुत सारी कंपनियां एमबीए कैडिडेंटस को नौकरी पर रखती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके पास मैनेजमेंट से लेकर बिजनेस की समझ काफ़ी अच्छी होती है।

### एमबीए करने से ग्लोबल मार्केट की समझ हो जाती

एमबीए की पढ़ाई करने वाले छात्रों की ग्लोबल मार्केट को लेकर समझ बढ़ जाती है। एमबीए स्टूडेंट्स प्रोफेसरों से सीखने के अतिरिक्त अन्य देशों की अर्थव्यवस्था के बारे में भी समझ विकसित करते है। इस प्रकार उन्हें हर देश की अर्थव्यवस्था के बारे में जानकारी होती है। यह उसे कंपनी के लिए काफी लाभदायक हो सकता है जिसमें वह नौकरी कर रहे हैं।

---

तेजी से बदल रही दुनिया में रोजगार नए अवसर प्रदान कर रहा

# एआई अवसरों का नया द्वार, युवाओं के करियर को दे रहा नई उड़ान



विपुल शर्मा
मोटिवेशनल स्पीकर

तेजी से बदल रही दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। यह हर काम को जहां बेहद आसान बना रहा है, वहीं युवाओं के लिए रोजगार के क्षेत्र में भी नए द्वारा खोल रहा है। इससे युवा अपने करियर को नई उड़ान भर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का हिस्सा नहीं रहा, बल्की अब यह हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। स्वास्थ्य, टेक, शिक्षा, साइंस और बड़ी बड़ी कंपनियां चाहे जो भी हर जगह एआई की डिमांड है। देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा भी अब एआई को लेकर गंभीर हैं और इस क्षेत्र में लगातार दक्षता हासिल कर रहे हैं। आज की दुनिया बड़ी तेज़ी के साथ बदल रही है। पहले जो काम सालों में होता था, अब महीनों में हो जाता है। जो महीनों में होता था वह अब सप्ताह या कुछ ही दिनों में हो रहा है, जबकि एक दिन में होने वाला काम महज कुछ घंटों या सेकंडों में हो रहा है। इस बदलाव के पीछे सबसे बड़ी ताक़त है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई। अब एआई तकनीसे रोबोट जटिल से जटिल सर्जरी तक कर रहे हैं।

**देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा अब एआई को लेकर गंभीर**

## हर क्षेत्र में बढ़ती जा रही भूमिका

एआई की भूमिका हर क्षेत्र में लगातार बढ़ती जा रही है। हर देश अपने स्वदेशी उपकरणों को और आधुनिक बनाने के लिए इस तकनीक का प्रयोग कर रहा है। एआई हर क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान रच रही है और रोजगार के नए नए अवसर पैदा कर रही है। ऐसे में युवा शक्ति इस तकनी को अपनाकर अपना करियर किसी भी क्षेत्र में चमका शक्ति है। एआई 10वीं और 12वीं पास छात्रों के लिए भी वरदान साबित हो रही है। यह विभिन्न क्षेत्रों में कोर्स के मौके देकर छात्रों के लिए भविष्य के नए द्वार खोल रही है। इससे छात्र भी नए नए इनोवेशन के जरिये अपने करियर को बेहतर बना रहे हैं।

## लगभग हर क्षेत्र में आ रहा काम



**बन रहा समय की जरूरत**

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ टेक्नोलॉजी का हिस्सा ही नहीं, अब बन रहा जरूरत**

## पढ़ाई और करियर में एआई की भूमिका

आज के विद्यार्थी सिर्फ किताबों तक सीमित ही नहीं हैं। वे एआई की मदद से वे ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर नई-नई स्किल्स सीख सकते हैं। चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को और आसान बना रहे हैं। मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, और वेब डेवलपमेंट जैसी तकनीकें एआई के जरिये और आसान हो रही हैं। ये केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में बदलाव की क्रांति ला रही हैं। इससे युवाओं को बेहतरीन अवसर मिल रहे हैं।

## रोजगार के नए अवसर

आज से 10 साल पहले शायद ही किसी ने सोचा होगा कि डेटा साइंटिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर या एआई एथिक्स ऑफिसर जैसे पद होंगे। लेकिन अब ये युवाओं के लिए सबसे चर्चित करियर बन चुके हैं। युवाओं के लिए यह मौका है कि वे सिर्फ़ पारंपरिक नौकरियों पर न रुकें, बल्कि भविष्य की नौकरियों के लिए खुद को तैयार करें। इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं है और छात्रों के लिए बेहतरीन मौके। एआई के जरिये सिर्फ कीबोर्ड से घर बैठकर भी पैसा कमाना आसान बन रहा है।

### स्किल्स ही सबसे बड़ा हथियार

डिजिटल दुनिया के लिए डिग्री ज़रूरी है, लेकिन अब सिर्फ डिग्री से नौकरी मिलना मुश्किल है। एआई के इस युग में प्रोग्रामिंग, डेटा एनालिसिस, डिजिटल मार्केटिंग, साइबर सिक्योरिटी जैसी स्किल्स आपको भीड़ से अलग पहचान दिला सकती हैं। ऐसे क्षेत्रों में आप एआई के कोर्स कर अपने भविष्य को संवार सकते हैं।




**चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को बना रहे आसान**

## डर नहीं, दोस्त बनाइए

देखने में आया कि कुछ लोग कहते हैं कि एआई नौकरियां छीन लेगा। लेकिन सच्चाई यह है कि एआई उन लोगों की मदद करेगा जो नई स्किल्स सीखेंगे। यानी, एआई से डरने की जगह हमें इसे अपना दोस्त बनाना चाहिए। जब आप एआई को अपना दोस्त बना लेंगे तो आपके करियर और भविष्य को चमकने से कोई नहीं रोक सकता।

## युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

- युवाओं के लिए आई एक सुनहरा अवसर है। यह उन्हें न सिर्फ़ करियर की नई दिशा देगा, बल्कि दुनिया को बदलने का मौका भी देगा। इसलिए आज से ही तय कीजिए कि आप एआई को एक डर की तरह नहीं, बल्कि अवसर के नए द्वार की तरह अपनाएंगे और अपने भविष्य को सुरद्धक्षित बनाएंगे। यह छात्रों के करियर में चार चांद लगाएगा और आपको टेक्नीकली रूप ये मजबूत बनाएगा। नौकरी की नई राह खुलेगी।

## एआई कोर्स करने के लिए टॉप संस्थान

1. **IIT** बॉम्बे – **AI** व डेटा साइंस
2. **IIT** दिल्ली – मशीन लर्निंग व डीप लर्निंग
3. **IIT** मद्रास – **B.Sc. Data Science & AI** (ऑनलाइन/ऑफलाइन)
4. **IIT** हैदराबाद – **AI** में विशेष **M.Tech** प्रोग्राम
5. **IISc** बैंगलोर – कंप्यूटर साइंस व मशीन इंटेलिजेंस
6. **IIIT** हैदराबाद – डेटा साइंस व रोबोटिक्स
7. **IIIT** बेंगलुरु – **AI** व मशीन लर्निंग सर्टिफ़िकेशन
8. **IIM** बेंगलुरु/अहमदाबाद – **AI** व बिज़नेस एनालिटिक्स (मैनेजमेंट दृष्टिकोण से)
9. **CDAC** (**Centre for Development of Advanced Computing**) – **AI** व एडवांस्ड कंप्यूटिंग डिप्लोमा
10. **JNU** व दिल्ली यूनिवर्सिटी – डेटा साइंस व **AI** संबंधित **M.Sc./Diploma**

## यहां से करें डिग्री/डिप्लोमा

- **B.Tech./B.Sc. in AI/Data Science/Computer Science** – 4 साल
- **M.Tech./M.Sc. in AI/Machine Learning** – 2 साल
- **PG Diploma in AI/ML** (**CDAC, IITs, IIITs**) – 1 साल
- **Certificate Courses** (**Coursera, NPTEL, Udemy, EdX**) – 3 से 6 महीने

### यह मिल सकती है सैलरी

- (**Fresher**): 6–10 लाख प्रति वर्ष (**AI** इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट)
- **Mid-Level** (5–8 साल): 15–25 लाख प्रति वर्ष
- **Senior Roles** (10+ साल): 30–50 लाख+ (**AI Architect, Research Scientist**)

---

# छात्र नई तकनीक सीखें, सोशल मीडिया पर समय न करें बर्बाद



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश जहां युवा आबादी की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है। यह हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आज का युवा न केवल भारत का भविष्य है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी छाप छोड़ने की क्षमता रखता है। लेकिन इस ऊर्जा और अवसरों को सही दिशा में लगाना जरूरी है। आज के दौर में, जहां सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया हमारा ध्यान खींचती है, हमें यह समझना होगा कि समय का सही उपयोग और नई तकनीकों को सीखना ही हमें आगे ले जाएगा। सोशल मीडिया ने हमें एक-दूसरे से जोड़ा है, जानकारी साझा करने का एक आसान तरीका दिया है, लेकिन क्या हम इसका उपयोग सही तरीके से कर रहे हैं? घंटों स्क्रॉल करना, रील्स देखना, या बिना उद्देश्य के चैटिंग करना हमें तात्कालिक खुशी तो दे सकता है, लेकिन यह हमारा समय चुरा लेता है।

## यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें

वह समय, जो हम नई तकनीक सीखने, अपने कौशल को निखारने और अपने करियर को मजबूत करने में लगा सकते हैं। सोशल मीडिया का उपयोग करें, लेकिन सीमित और स्मार्ट तरीके से। इसे अपने ज्ञान को बढ़ाने, नई तकनीकों के बारे में जानने और प्रेरणा लेने का जरिया बनाएं। उदाहरण के लिए, यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें, लिंक्डइन पर प्रोफेशनल्स से सीखें, या एक्स पर विशेषज्ञों की पोस्ट पढ़ें।

**नई तकनीक**: भविष्य का आधार

आज का युग तकनीक का युग है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटासाइंस, क्लाउडकंप्यूटिंग, और वेबडेवलपमेंट जैसी तकनीकें न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में क्रांति ला रही हैं। भारत में स्टार्टअप्स और टेक कंपनियां इन क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही हैं, और वे युवाओं को अवसर प्रदान कर रही हैं। लेकिन इन अवसरों को हासिल करने के लिए हमें तैयार रहना होगा। तकनीक सीखना न केवल आपको नौकरी के लिए तैयार करता है, बल्कि यह आपको आत्मनिर्भर और नवाचार करने वाला बनाता है। चाहे आप कोडिंग सीखें, डेटा विश्लेषण करें, या साइबर सिक्योरिटी में महारत हासिल करें, ये कौशल आपको वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनाएंगे।

**कौशल क्यों महत्वपूर्ण हैं?** : भारत में 65% से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। यह युवा शक्ति हमारा सबसे बड़ा संसाधन है। लेकिन बिना कौशल के यह शक्ति अधूरी है। आज की नौकरियां डिग्री से ज्यादा कौशल पर निर्भर करती हैं। टेक कंपनियां ऐसे लोगों की तलाश में हैं जो प्रोग्रामिंग, डिजाइनिंग, डेटाएनालिसिस, या डिजिटलमार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में पारंगत हों।

**उदाहरण के लिए: कोडिंग**: पायथन, जावा, या जावास्क्रिप्ट सीखने से आप सॉफ्टवेयरडेवलपमेंट में करियर बना सकते हैं।

**डेटासाइंस**: डेटा विश्लेषण और मशीन लर्निंग की मांग हर उद्योग में बढ़ रही है।

**डिजिटलमार्केटिंग**: सोशल मीडिया का सही उपयोग करके आप ब्रांड्स के लिए ऑनलाइन उपस्थिति बढ़ा सकते हैं।

**साइबर सिक्योरिटी**: डिजिटल दुनिया को सुरक्षित रखने की जरूरत आज पहले से कहीं ज्यादा है। ये कौशल न केवल आपको नौकरी दिला सकते हैं, बल्कि फ्रीलांसिंग, स्टार्टअप शुरू करने, या स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करते हैं।

## समय का सही उपयोग कैसे करें ?

**लक्ष्य स्पष्ट करें**: आप किस क्षेत्र में जाना चाहते हैं? **AI**, वेबडेवलपमेंट, या कोई और तकनीक? अपने लक्ष्य को स्पष्ट करें।

**ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करें**: कोर्सेरा, उडेमी, यूट्यूब, और फ्रीकोडकैंप जैसे मुफ्त संसाधन उपलब्ध हैं। इनसे नई तकनीक सीखें।

**समय प्रबंधन**: रोजाना 1-2 घंटे तकनीक सीखने के लिए निकालें। सोशल मीडिया पर बिताने वाला समय कम करें।

**प्रोजेक्ट बनाएं**: जो सीखा, उसे लागू करें। छोटे-छोटे प्रोजेक्ट बनाकर अपने कौशल को परखें।

**नेटवर्किंग**: लिंक्डइन और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर तकनीकी विशेषज्ञों से जुड़ें और उनसे सीखें।

**भारत के युवा**: दुनिया को बदलने की ताकत भारत के युवा न केवल अपने देश के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरणा बन सकते हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, और अमेजन जैसी कंपनियों के सीईओ से लेकर स्टार्टअप्स के संस्थापक तक, भारतीय युवा हर जगह अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। लेकिन यह सफलता मेहनत, अनुशासन, और कौशल से मिलती है। सोशल मीडिया पर समय बर्बाद करने के बजाय, अपने समय को निवेश करें। हर दिन कुछ नया सीखें, अपने कौशल को निखारें, और भारत को तकनीकी दुनिया का नेतृत्व करने में मदद करें। यह आपका समय है, इसे बर्बाद न करें इसे बनाएं!

**आज से शुरुआत करें, क्योंकि आपका भविष्य आपके हाथों में है**

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पावासी किस वस्तु के उत्पादन में सर्वप्रथम थे?
(ए) मुद्राएं (बी) कांसे के औजार
(सी) कपास (डी) जौ

**2.** निम्नलिखित विद्वानों में से हड़प्पा सभ्यता का सर्वप्रथम खोजकर्ता कौन था ?
(ए) सर जॉन मार्शल
(बी) आर. डी. बनर्जी
(सी) ए० कनिंघम
(डी) दयाराम सहनी

**3.** सिंधु सभ्यता का पत्तननगर (बंदरगाह) कौन-सा था ?
(ए) कालीबंगन (बी) लोथल
(सी) रोपड़ (डी) मोहनजोदड़ो

**4.** पैमानों की खोज ने यह सिद्ध कर दिया है कि सिंधु घाटी के लोग माप और तौल से परिचित थे। यह खोज कहाँ पर हुई ?
(ए)कालीबंगन (बी)हड़प्पा
(सी)चहुदड़ी (डी)लोथल

**5.** हड़प्पाकालीन समाज किन वर्गों में विभक्त था ?
(ए)शिकारी, पुजारी, किसान, क्षत्रिय
(बी)विद्वान, योद्धा, व्यापारी, श्रमिक
(सी)ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र
(डी) राजा, पुरोहित, सैनिक, शूद्र

**6.** सिंधु सभ्यता का सर्वाधिक उपयुक्त नाम क्या है?
(ए) हड़प्पा सभ्यता
(बी) सिंधु सभ्यता
(सी) सिंधु घाटी सभ्यता
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** हड़प्पा सभ्यता की खोज किस वर्ष में हुई थी ?
(ए)1935 ई. (बी)1942 ई.
(सी)1901 ई. (डी)1921 ई.

**8.** हड़प्पा सभ्यता के बारे में कौन-सी उक्ति सही है ?
(ए) उन्हें अश्वमेध का जानकारी थी
(बी) गाय उनके लिए पवित्र थी
(सी) उन्होंने पशुपति का सम्मान करना आरंभ किया
(डी) उनकी संस्कृति सामान्यतः स्थिर नहीं थी।

**9.** हड़प्पा के लोगों की सामाजिक पद्धति...... थी
(ए) उचित समतावादी
(बी) दास-श्रमिक आधारित
(सी) वर्ण आधारित
(डी) जाति आधारित

उत्तर 1.(सी) 2.(डी) 3.(बी) 4.(डी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8. (सी) 9. (ए)

## खबर संक्षेप



सोनीपत। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य एवं अन्य।

### दीपक का मॉडल प्रथम स्कूल में किया स्वागत

**सोनीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जाखौली में प्राचार्य कुलदीप सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिलास्तरीय विज्ञान पर्यावरण प्रदर्शनी प्रतियोगिता में दीपक का मॉडल (एग्रीकल्चर वेस्ट मैनेजमेंट फॉर पावर प्रोडक्शन) प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपरांत स्कूल में पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया।


गन्नौर। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह से बातचीत करते एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन बड़ी के अध्यक्ष नवीन कौशिक। फोटो : हरिभूमि

### एचआई पालिसी ड्राफ्ट पर एसोसिएशन ने दिए सुझाव

**गन्नौर।** एमएसएमई इंडस्ट्रीज एसोसिएशन बड़ी ने मेक इन हरियाणा इंडस्ट्रियल पालिसी 2025 के ड्राफ्ट पर अपने सुझाव राज्य सरकार को दिए हैं। प्रधान नवीन कौशिक ने गुरूग्राम में आयोजित बैठक के दौरान उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह को पत्र सौंपा। एमएसएमई राज्य की औद्योगिक वृद्धि और रोजगार सृजन की रीढ़ है, लेकिन इस सेक्टर को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें जीएसटी रिफंड में देरी, वित्तीय दबाव, सड़क व सीवरेज जैसी मूलभूत सुविधाएं मिले।


राई। विधायक कृष्णा गहलावत कार्यालय में चेयरमैन अरूण चौहान का पगड़ी पहनाकर सम्मान करते हुए।

### मार्केट कमेटी को मजबूत बनाएंगे नए चेयरमैन

**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत के कार्यालय में पहुंचे सोनीपत मार्किट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन व अरुण चौहान का विधायक कृष्णा गहलावत ने पगड़ी और शॉल भेंटकर जोरदार स्वागत किया गया। विधायक कृष्णा गहलावत ने नसराहना करते हुए कहा कि अरुण चौहान जैसे ऊर्जावान और कर्मठ व्यक्ति के नेतृत्व में मार्किट कमेटी की कार्यप्रणाली और भी सशक्त होगी। किसानों एवं व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्राथमिकता से होगा।

## उल्लास योजना के तहत प्रदेश भर में चलाया जा रहा है साक्षरता का अभियान

# 7 ब्लॉक के 380 परीक्षा केंद्रों पर 10,702 निरक्षर देंगे परीक्षा

जिले के 10 हजार से ज्यादा निरक्षर 28 सितंबर को देंगे परीक्षा, अब तक 18 हजार से अधिक निरक्षरों को दिलाई जा चुकी हैं परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

प्रदेश भर में चलाई जा रही उल्लास योजना के तहत निरक्षरों को शिक्षित करने की कड़ी में अब परीक्षा का समय आ गया है। सर्व शिक्षा अभियान के तहत चलाई गई इस योजना के तहत जिले भर के 10 हजार से अधिक निरक्षरों को कल यानि की 28 सितंबर को परीक्षा देनी है। जिसके लिये जिला स्तर पर तैयारियां भी की जा चुकी हैं। जिले के सभी सात ब्लॉक में 380 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां पर निरक्षरों की परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा के तहत मूल्यांकन सरल भाषा व व्यवहारिक प्रश्नों के आधार पर किया जा जाएगा।

बता दें कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 से 5 साल की अवधि के लिए न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम के तहत उल्लास नामक केंद्र प्रायोजित योजना शुरू की थी। योजना का प्राथमिक उद्देश्य 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को सशक्त बनाना है, जो किसी कारणवश शिक्षित नहीं हो सके। ऐसे लोगों को शिक्षित करने का अवसर दिया जा रहा है। सर्व शिक्षा अभियान के तहत प्रदेश भर में उल्लास योजना चलाई जा रही है। जिले को 100 प्रतिशत साक्षर बनाने की दिशा में इस योजना के तहत जिले में 44 हजार 540 निरक्षरों को वर्ष 2027 तक शिक्षित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है, हालांकि प्रदेश स्तर पर यह आंकड़ा 9 लाख का है। शिक्षित होने वाले निरक्षरों के लिए परीक्षा का भी प्रावधान है।


सोनीपत। निरक्षरों को पाठ पढ़ाते हुए। फोटो : हरिभूमि।

### फेल होने पर भी मौका 10 से 5 बजे तक परीक्षा

योजना के तहत विभाग सुबह 10 से 5 बजे तक परीक्षा आयोजित करेगा, लेकिन परीक्षा का समय 3 घंटे रहेगा। दिनभर चलने वाली परीक्षा में पंजीकरण करवाने वाले निरक्षर किसी भी समय केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में भाग ले सकेंगे। साथ ही पिछले साल फेल होने वाले कुल 18 निरक्षरों को भी परीक्षा में बैठने का मौका मिलेगा। इनमें गोहाना में 2, खरखौदा में 12 और राई में 4 लोग शामिल हैं। परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी निरीक्षण भी करेंगे।

### मार्च 2026 में होगी अगली परीक्षा

निरक्षकों को शिक्षा का ज्ञान देकर उन्हें पढ़ने-लिखने, हस्ताक्षर करने में निपुण बनाना है। वर्ष 2025-26 के शैक्षणिक सत्र में जिला के 25 हजार निरक्षरों को को शिक्षित करने की योजना तैयार की गई है। विभाग निरक्षरों का ऑफलाइन पंजीकरण करने के बाद उन्हें ऑनलाइन भी दर्ज करवा रहा है। नए निरक्षरों का पंजीकरण होने के साथ विभाग के स्वयंसेवक उन्हें घर या गांव में बने उल्लास चेतना केंद्र में छह माह में 200 घंटे पढ़ाकर शिक्षा दे रहे हैं। कक्षा पहली व दूसरी का पाठ्यक्रम पढ़ चुके निरक्षर कक्षा तीसरी के पाठ्यक्रम की तैयारी कर सकते हैं। शिक्षा विभाग निरक्षरता दर को कम करने के लिए यह विशेष अभियान चला रहा है।

### पिछली बार छह हजार ने दी थी परीक्षा

नेशनल ओपन स्कूल की ओर से 28 सितंबर को होने वाली परीक्षा को लेकर विभाग निरक्षरों का पंजीकरण में जुटा हुआ है। इससे पहले वर्ष 2024-25 के शैक्षणिक सत्र में जिला में 21,778 निरक्षरों का पंजीकरण किया गया था। इनमें से 12,300 निरक्षरों की सितंबर 2024 व 6351 की मार्च 2025 में परीक्षा ली गई थी। विभाग ने नेशनल ओपन स्कूल के सहयोग से अब तक जिले के 18,651 निरक्षरों को परीक्षा दिलवा चुका है। इस बार सोनीपत में पंजीकरण करवाने वाले 10702 निरक्षरों को 28 सितंबर को परीक्षा देनी होगी।

### परीक्षा देने वाले निरक्षर

| | |
|---|---|
| गन्नौर - | 2207 |
| गोहाना - | 1850 |
| कथूरा - | 674 |
| खरखौदा - | 1082 |
| मुंडलाना - | 961 |
| राई - | 1173 |
| सोनीपत - | 2755 |
| कुल - | 10702 |

### दिए जाएंगे प्रमाण पत्र

उल्लास योजना के तहत 28 सितंबर को होने वाली परीक्षा के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। करीब 10702 निरक्षरों का परीक्षा को लेकर पंजीकरण किया गया है। पास होने वाले सभी प्रतिभागियों को बाद में प्रमाणपत्र वितरित किए जाएंगे।
*-नवीन गुलिया, डीईओ, सोनीपत।*


सोनीपत। बैठक करते हुए ठेका सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# नगर निगम कार्यालय में एक अक्टूबर से धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ ठेका सफाई कर्मचारियों ने दी हड़ताल की चेतावनी

ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच और सहयोगी संगठनों ने नगर निगम अधिकारियों पर वादा खिलाफी और शोषण का आरोप लगाते हुए आगामी 1 अक्टूबर से हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। यूनियन का कहना है कि नगर निगम और सरकार ने सफाई कर्मचारियों से किए गए वादों को पूरा नहीं किया और उल्टा बदले की भावना से कई कर्मचारियों की छटनी कर दी। यूनियन नेताओं ने बताया कि 3 सितम्बर को सफाई कर्मचारियों ने सोनीपत से चंडीगढ़ तक पैदल यात्रा कर मुख्यमंत्री आवास पर अपनी मांगें रखी थीं। वहां मुख्यमंत्री के ओएसडी भरत भूषण भारती ने जिला उपायुक्त सुशील सारवान और नगर निगम अधिकारियों को फोन पर निर्देश दिए थे कि कर्मचारियों को सुरक्षित किया जाए, किसी नई एजेंसी को ठेका न दिया जाए और करीब 900 सफाई कर्मचारियों को निगम के रोल पर लिया जाए। इसके लिए नगर निगम से 7 दिन में रिपोर्ट देने को भी कहा गया था।

### कर्मी हटाने का विरोध

इस स्थिति पर 24 सितम्बर को नगर निगम पार्क में हुई जनरल बॉडी मीटिंग में निर्णय लिया गया कि यदि हटाए गए कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस नहीं लिया गया तो सभी ठेका सफाई कर्मचारी 1 अक्टूबर से नगर निगम कार्यालय में हड़ताल शुरू करेंगे। यूनियन ने चेतावनी दी है कि हड़ताल के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

# पार्टी अच्छे कार्यकर्ता व सरकार की नीतियों अनुसार देती है जिम्मेदारी

■ मार्केट कमेटी गन्नौर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर


गन्नौर। ओएसडी विरेन्द्र बढ़खालसा, ध्यक्ष निशांत छौक्कर व उपाध्यक्ष योगेश कौशिक का स्वागत करते आढ़ती।

मार्केट कमेटी गन्नौर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष निशांत छौक्कर व उपाध्यक्ष योगेश कौशिक की नियुक्ति के बाद शुक्रवार को नई अनाज मंडी में सम्मान किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री के ओएसडी विरेन्द्र बढ़खालसा ने शिरकत की। मुख्यमंत्री के ओएसडी का कमेटी के चेयरमैन व वाईस चेयरमैन का आढ़ती पुनीत जैन, फूड ग्रेन एसोसिएशन प्रधान सुरेंद्र गोयल, सचिव अनिल कौशिक, कोषाध्यक्ष नीरज त्यागी, सुरेश बत्रा, मनीष बंसल, जयबीर छौक्कर, सुरेश नंबरदार, सतीश बंसल आदि ने पुष्पगुच्छ व फूलमालाओं से स्वागत किया। ओएसडी विरेन्द्र बढ़खालसा ने कहा कि नवनियुक्त चेयरमैन व वाईस चेयरमैन दोनो मिलकर मंडी के विकास के लिए काम करेंगे। ओएसडी ने कहा कि सरकार की योजना के हिसाब से जिस कार्यकर्ता का नम्बर आता है उसको ही जिम्मेदारी मिलती है। पार्टी के अच्छे, विचारवान कार्यकर्ता को जिम्मेदारी मिलती है। सरकार ने अच्छा निर्णय लिया है। दोनो ही किसान परिवार से है। किसानों के हित में बेहतर काम करेंगे।

# रक्तदान कर बचा सकते हैं अनजान की जिंदगी

■ थाना गन्नौर में लायन्य क्लब, व्यापार मंडल व पुलिस के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 120 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर




गन्नौर। शिविर में रक्तदाताओं से मिलती पुलिस आयुक्त ममता सिंह साथ में ईस्ट प्रभिना पीएसीपी गन्नौर ऋषिकांत व थाना गन्नौर प्रभारी धीरज कुमार तथा पुलिस आयुक्त ममता सिंह का लायंस क्लब गन्नौर अध्यक्ष गौरव त्यागी, पूर्व प्रधान विपिन त्यागी पुष्पगुच्छ देकर सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

थाना गन्नौर में हरियाणा पुलिस के सहयोग से शुक्रवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर लायंस क्लब, व्यापार मंडल गन्नौर के सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह ने विशेष तौर पर शिरकत की। पुलिस आयुक्त ने रक्तदाताओं से मिली और उनकी सरहाना की। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने कहा कि रक्तदान से किसी व्यक्ति की जान बच सकती है। सड़क दुर्घटनाओं हादसों में काफी लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं और काफी मात्रा खून बह जाने की वजह से उनकी जान पर जोखिम बन आता है। उस समय हमारे द्वारा दान किया गया रक्त ही उन्हें नया जीवनदान देता है। यही रक्त किसी जरूरतमंद में हुई रक्त की कमी को पूरा कर उसे जीना का अवसर देता है। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया। इस मौके पर पुलिस उपायुक्त ईस्ट प्रभिना पीएसीपी गन्नौर षिकांत व थाना गन्नौर प्रभारी धीरज कुमार ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर में लायंस ब्लड बैंक दिल्ली की टीम ने कुल 120 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी, लायंस क्लब गन्नौर अध्यक्ष गौरव त्यागी, अनिल त्यागी, व्यापार मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष संदीप सिंघल, विपिन त्यागी, नरेंद्र पतंजली, गौरव जैन आदि मौजूद रहे।

# वाइस चेयरमैन और नपा चेयरमैन का स्वागत

■ भाजपा नेता कुलदीप नांगल ने आए हुए सभी चेयरमैन व पाईस चेयरमैन का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई


राई। नवनियुक्त कमेटी के वाईस चेयरमैन व नपा चेयरमैन का स्वागत करते भाजपा नेता कुलदीप नांगल। फोटो : हरिभूमि

राई हलके से भाजपा नेता एवं मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल ने अपने कार्यालय में मार्किट कमेटी के वाईस चैयरमैन व नगरपालिका चेयरमैन का सम्मान किया। सम्मान कार्यक्रम में खरखौदा नगरपालिका के चेयरमैन हीरालाल इंदौरा, चेयरमैन मार्केट कमेटी खरखौदा आनंद सिंह दहिया, खरखौदा मार्किट कमेटी के वाईस चेयरमैन गुलशन, संजय वर्मा वाईस चेयरमैन मार्केट कमेटी सोनीपत, वरिष्ठ बीजेपी नेता अनिल अंतिल, कैप्टन कृष्ण दहिया, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन खरखौदा सुनील पांचाल, सोमबीर पांचाल एवं पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल ने स्वागत किया। के सी ट्रैडिंग सोनीपत से अमर करण, अशोक, राजेश, अंकित, गौरव रसोई, सतीश, सूरजभान, सुरेंद्र, अंकुश, दीपक, राम, अजय, विशाल, विनीत, कुनाल और मंडी के अन्य आढ़ती एवं किसानों ने भी पूरे उत्साह के साथ स्वागत कार्यक्रम में भाग लिया। सभी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर और माला पहनाकर मुख्य अतिथियों का सम्मान किया।

### सर्व खाप पंचायत महासम्मेलन कल

**गन्नौर।** सामाजिक समरसता और परंपरागत मूल्यों की रक्षा के उद्देश्य से सर्वजातीय सर्व खाप पंचायत महासम्मेलन 28 सितंबर को रेलवे रोड स्थित चिराग गार्डन में होगा। जिसमें सभी संस्थाएं, सरपंच एसोसिएशन, सामाजिक संगठन व सभी खाप पंचायतें बुलाई गई है। लववंशीय लौर खत्री खाप राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र खत्री ने विभिन्न गांवो में ग्रामीणों को निमंत्रण दिया। इसमें लिव-इन रिलेशन, सगोत्र गांव और गृह गांव में शादियां न करने, माता-पिता की सहमति के बिना विवाह, अगर मां-बाप नही है तो चाचा, ताऊ, मामा, फूफा की सहमति के बगैर कोर्ट मैरिज व साधारण शादी को मान्यता न दें।

# भीमेश्वरी माता मंदिर बना श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र

■ नवरात्रों में मंदिर में सुबह-सायं होती है आरती, अष्टमी के दिन लगता है भारी मेला, मेले की तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना


गोहाना। मंदिर में आरती करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

गोहाना में गोहाना-जुलाना मार्ग स्थित माता भीमेश्वरी का मंदिर श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र है। नवरात्रों में इस मंदिर में सुबह-सायं रोजाना आरती होती है और प्रति वर्ष नवरात्र अष्टमी के दिन भारी मेला लगता है। इस बार भी नवरात्र अष्टमी के दिन मंदिर में मेला लगेगा। मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा मेले की तैयारियां जोरशोर से शुरू कर दी गई हैं। माता भीमेश्वरी का मंदिर 75 साल पुराना है। वर्ष 1952 में मूल रूप से गांव बिचपड़ी निवासी प्रभुदयाल वर्मा अपने बेटों के साथ झज्जर में बेरी स्थित माता भीमेश्वरी के प्राचीन मंदिर से पैदल चलकर यहां अखंड ज्योति लेकर आए थे। उनके द्वारा यहां ज्योति प्रतिष्ठित करने के बाद मंदिर का निर्माण करवाया गया। मंदिर में माता भीमेश्वरी सहित अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां प्रतिष्ठित की गई हैं। नवरात्रों में मंदिर में पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। नवरात्र अष्टमी के दिन यहां मेला लगता है। इस दिन मंदिर में हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली से भारी तादाद में श्रद्धालु पूजा करने पहुंचते हैं और मन्नतें मांगते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005


गोहाना। नवनियुक्त कार्यकारिणी का चुनाव करवाते प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

### ईको क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

**गोहाना।** वन्य जीव सुरक्षा सप्ताह: 2025 के तहत आयोजित ईको क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिताओं में गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में विजेता घोषित विद्यार्थियों को स्कूल के चेयरमैन महेंद्र सिंह मलिक और प्राचार्य कुलदीप देशवाल ने पुरस्कृत किया। रावमावि गोहाना में वन्य जीवन सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत ईको क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में शेर सिंह पब्लिक स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा तन्नू प्रथम स्थान पर रही। प्रतियोगिताओं में कक्षा 10वीं की छात्रा नैंसी ने द्वितीय और कक्षा 11वीं की छात्रा प्राची ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शेर सिंह पब्लिक स्कूल में स्वच्छता और पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि विभाग से निरीक्षक संजीव कुमार रहे।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### नफीस अली प्रधान और सुरेश कुमार बने सचिव

**गन्नौर।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा राज्य कमेटी के आह्वान पर गन्नौर ब्लॉक का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिला प्रधान देशराज नैन, वरिष्ठ उपप्रधान विजेंद्र कादयान, ब्लॉक प्रधान आनंद हुड्डा तथा कोषाध्यक्ष राजीव खत्री ने चुनावी प्रक्रिया की निगरानी की। चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ, जिसमें गन्नौर ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। निर्वाचित पदाधिकारियों में नफीस अली को ब्लॉक प्रधान, सुरेश कुमार को सचिव, रवि को कोषाध्यक्ष, भगत सिंह को सहसचिव, नवीन को उपप्रधान, अजय को प्रेस सचिव तथा मनजीत को ऑडिटर चुना गया। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा सदैव कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहा है और भविष्य में भी इसी तरह संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम में कर्मचारियों ने नई कार्यकारिणी का स्वागत किया।

## एसएमएस लगी कंबाइन से करवाएं धान फसल की कटाई

# बिना एसएमएस की कबाइन होंगी जब्त, जुर्माना भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना


गोहाना। कंबाइन मशीन की जांच करते हुए एटीएम मुकेश। फोटो : हरिभूमि

खंड कृषि अधिकारी डॉ. कुलदीप ने कहा कि किसान धान की फसल की कटाई केवल एसएमएस लगी कंबाइन मशीन से ही करवाएं। बिना एसएमएस लगी मशीन से कंबाइन की कटाई करवाने पर पराली का उचित प्रबंधन नहीं हो पाता है। किसान पराली को जलाएं नहीं। पराली जलाना गैर कानूनी है। विभाग की टीमें खेतों में जाकर मौके का निरीक्षण कर रही हैं। डॉ. कुलदीप ने कहा कि इस समय पीआर और 1509 धान की फसल की कटाई चल रही है। फसल की कटाई करवाने के लिए कंबाइन मशीन पर एसएमएस लगा होना जरूरी है। बिना एसएमएस लगी मशीन से किसान फसल की कटाई न करवाएं। बिना एसएमएस लगाए फसल की कटाई करने पर कंबाइन मशीन को जब्त कर लिया जाएगा और पराली जलाने वाले किसान पर मुकद्मा दर्ज होगा और 30 हजार रुपये जुर्माना किया जाएगा। शुक्रवार को एटीएम (सहायक तकनीकी प्रबंधक) मुकेश कुमार ने खेतों में जाकर कंबाइन मशीनों को चैक किया। उन्होंने कहा कि धान की पराली जलाना भूमि और पर्यावरण दोनों के लिए हानिकारक है। इसे खेत में ही मिला दें जिससे भूमि उपजाऊ बनेगी। इस अवसर पर एटीएम प्रवीन कुमार, एटीएम अमित कुमार, सुपरवाइजर कपिल और संदीप कुमार मौजूद रहे।